**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

-------

**<u>राजभवन में 41वें यू0पी0 स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप के विजेताओं को सम्मानित किया गया</u>**

**<u>राजभवन में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा-- श्री नाईक</u>**

लखनऊः 29 जनवरी, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में यू0पी0 स्टेट राइफल एसोसिएशन एवं लखनऊ राइफल्स क्लब द्वारा आयोजित 41वें यू0पी0 स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप के 74 विजेताओं को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक देकर सम्मानित किया, जिसमें 57 पुरूष तथा 17 महिला प्रतिभागी सम्मिलित हैं। इस अवसर पर लखनऊ की महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री हेमन्त राव, विशेष सचिव डा0 अशोक चन्द्र, उत्तर प्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री श्याम सिंह यादव सहित गर्वनिंगबाडी के सदस्य, पदाधिकारीगण व प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागीगण उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश महत्व का प्रदेश है। उत्तर प्रदेश ने देश को अब तक 9 प्रधानमंत्री और एक राष्ट्रपति दिया है। आबादी की दृष्टि से केवल तीन देश अमेरिका, इण्डोनेशिया और चीन ही उत्तर प्रदेश से बड़े हैं। ऐसे उत्तर प्रदेश का शूटिंग रेज भी उतना ही शानदार होना चाहिए। राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि वे राज्य सरकार से आग्रह करेंगे कि उत्तर प्रदेश के शान के अनुरूप शूटिंग रेंज बनाने का कार्य करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांव स्तर तक खेल मैदान बनाने के निर्देश दिये हैं तथा राज्य सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य सरकार ने 16 खिलाड़ियों को रानी लक्ष्मीबाई और लक्ष्मण पुरस्कारों से सम्मानित किया था। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की है कि सरकारी सेवा में खिलाड़ी कोटे के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जायेगा। राज्यपाल ने घोषणा की कि राजभवन में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा।

श्री नाईक ने पदक जीतने वालों को बधाई देते हुए कहा कि जिन्होंने प्रतियोगिता में भाग लिया पर पदक नहीं प्राप्त हुए हैं वे भी अभिनन्दन के योग्य हैं क्योंकि उन्होंने भी प्रयास किया है। खेलने वालों की हार-जीत होती रहती है। जीतने वालों को अपनी जीत बनाये रखने के लिये और प्रयास करना होगा। उत्तर प्रदेश में प्रतिभा की कमी नहीं है। सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो उत्तर प्रदेश का नाम विश्व पटल तक जा सकता है। खिलाड़ियों को उचित सुविधाएं व प्रशिक्षण उपलब्ध होना चाहिए। निशानेबाजी एकाग्रता बनाये रखने का खेल है। हारने वाले खिलाड़ियों को अपना मनोबल कम नहीं करना चाहिए बल्कि अगली बारी के लिये पूरे लगन और मेहनत से चुनौती को स्वीकार करना चाहिए। एकलव्य जैसा व्यक्तित्व भारत के अलावा कहीं नहीं है। अपने लक्ष्य पर निरन्तर नजर बनाये रखें तथा देश का नाम रोशन

करें। उन्होंने कहा कि कोशिश करने से सफलता अवश्य प्राप्त होगी क्योंकि 'हार के आगे जीत है'।

इस अवसर पर लखनऊ की महापौर श्रीमती संयुक्त भाटिया ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम में स्वागत एवं धन्यवाद श्री श्याम सिंह यादव अध्यक्ष उत्तर प्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन ने किया। कार्यक्रम में राज्यपाल एवं महापौर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (32/32)






